मां करणी मंदिर व बीकानेरी नमकीन पंच गौरव में चिन्हित

बीकानेर,(कासं)। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की अभिनव पहल के तहत प्रत्येक जिले में 'पंच गौरव' कार्यक्रम शुरू किया गया है। इसके तहत प्रत्येक जिले में उसकी विरासत एवं पारिस्थितिकी को ध्यान रखते हुए पंच गौरव के रूप में एक जिला-एक उत्पाद, एक जिला-एक उपज, एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति, एक जिला-एक खेल और एक जिला-एक पर्यटन स्थल चिन्हित किया गया है।

बीकानेर जिले में मोठ को एक उपज, रोहिड़ा को एक प्रजाति, बीकानेरी नमकीन को एक उत्पाद, करणी माता मंदिर को एक पर्यटन स्थल तथा तीरंदाजी को एक खेल के रूप में चिन्हित किया गया है। इसका उद्देश्य जिले की आर्थिक, पारिस्थितिकी एवं ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण एवं संवर्धन, स्थानीय शिल्प, उत्पाद, कला को संरक्षण प्रदान करना और उत्पादों की गुणवत्ता, विपण क्षमता में सुधार एवं निर्यात में वृद्धि, स्थानीय रोजगार बढ़ाकर जिलों से प्रवास रोकना, जिलों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा विकसित करना, वनस्पति प्रजातियों का संरक्षण एवं इनके वैज्ञानिक एवं व्यावसायिक प्रयोगों को बढ़ावा तथा ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पर्यटन दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थलों का संरक्षण एवं इनमें वैश्विक स्तर की सुविधाएं विकसित करना है। कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए राज्य पर मुख्य सचिव एवं जिला स्तर पर संबंधित कलेक्टर की अध्यक्षता में समितियों का गठन किया गया है। समिति द्वारा जिले में चिन्हित पंच गौरव के संबंध में विवरणिका तैयार की जायेगी।

महिला आयोग की जनसुनवाई में महिला बेहोश, नहीं मिली एम्बुलेंस

बीकानेर,(कासं)। राज्य महिला आयोग की ओर से सर्किट हाउस में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।

महिलाओं की समस्याओं का समाधान करने के लिए गुरूवार को सर्किट हाउस में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष पहुंची और महिलाओं की पीड़ा को सुना। इस दौरान लम्बे समय से जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने न्याय की गुहार लगाई बैठी दुर्गा देवी की सुनवाई नहीं होने पर वह भी आज महिला आयोग के सामने पेश हुई। लेकिन यहां आश्वासन मिलने के बाद वह बेसुध होकर पार्क में गिर पड़ी।

■ **राज्य महिला आयोग अध्यक्ष रेहाना रियाज ने 25 प्रकरणों नर की जनसुनवाई**

बीकानेर सर्किट हाउस में महिला आयोग की जनसुनवाई में न्याय की गुहार लगाये बैठी दुर्गा देवी यहां भी आश्वासन मिलने पर बेहोश होकर पार्क में गिर पड़ी।

बेहोशी की हालत में उसे पुलिस गाड़ी द्वारा पीबीएम ले जाया गया। प्रशासनिक दावों की मानें तो सुनवाई के दौरान 108 एम्बुलेंस की व्यवस्था होनी चाहिए। किन्तु ऐसा नहीं होना कहीं ना कहीं प्रशासन के दावों की पोल खोलता नजर आया।

अध्यक्ष रेहाना रियाज व अन्य सदस्यों की ओर से बीकानेर से आई महिलाओं ने अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की। इन्हें आयोग द्वारा धैर्यपूर्वक सुना गया। इन प्रकरणों पर कार्रवाई कर पीड़ित महिलाओं को राहत पहुंचाने का आश्वासन दिया गया है। उन्होंने बताया कि जनसुनवाई में पारिवारिक कलह, दहेज प्रताड़ना, सम्पत्ति विवाद, उत्पीड़न एवं बलात्कार जैसे अपराधों से संबंधित प्रकरण प्राप्त हुए। आयोग के पास विभिन्न माध्यमों से 25 प्रकरण आये हैं। इन प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित कर पीड़िताओं को राहत देने के लिए आयोग संकल्पबद्ध है।

उन्होंने बताया कि महिला आयोग प्रकरण के प्राप्त होते ही सक्रियता के साथ कार्य करने लगता है। आयोग के सदस्य, अधिकारी एवं न्यायायिक प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी कर्मठता एवं ईमानदारी के साथ कार्य करते हैं। पीड़िता को राहत पहुंचाने के लिए प्रत्येक स्तर से सम्पर्क किया जाता है। समस्त प्रकरणों पर त्वरित न्याय दिलाने की भावना के साथ आयोग कार्य करता है। झूठा प्रकरण दर्ज करवाने वालों के विरूद्ध भी कार्रवाई करते हैं।

इस अवसर पर सदस्य सुमन यादव, सुमन जैन व अंजना मेघवाल, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर, जिला परिषद के सीईओ सोहनलाल, एडीएम प्रशासन रमेश देव, महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक डॉ अनुराधा सक्सेना उपस्थित रहे।

हनुमानगढ़ में जन सुनवाई आज : राजस्थान राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष शुक्रवार को जिले के दौरे पर रहेंगे। अध्यक्ष गुरूवार सांय हनुमानगढ़ पहुंचेंगी और शुक्रवार प्रातः 11 बजे जंक्शन स्थित सर्किट हाऊस में जन सुनवाई करेंगी।

इसमें जिले की महिलाओं की समस्याओं को सुना जायेगा तथा उनके निस्तारण की व्यवस्था सुनिश्चित की जायेगी। इसके उपरांत दोपहर 3 बजे मीडिया कर्मियों से रूबरू होंगी और प्रेस कांफ्रेंस करेंगी। इसके उपरांत चूरू के लिए रवाना होंगी।

40 किलो डोडा-पोस्त सहित गिरफ्तार

सूरतगढ़, (कासं)। डोडा-पोस्त की तस्करी करते हुए 2 दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से 40 किलो डोडा पोस्त बरामद किया गया है। सर्किल की राजियासर थाना पुलिस ने एक्सप्रेस वे पर ऐटा गांव के पास कार्रवाई की।

सीआई सतीश यादव ने बताया कि एक्सप्रेस वे पर ऐटा गांव के पास 2 तस्करों से 40 किलो डोडा पोस्त बरामद किया है। उन्होंने बताया कि गश्त के दौरान अमृतसर- जामनगर एक्सप्रेस वे पर ऐटा गांव के पास एक स्विफ्ट कार की तलाशी ली। जिसमें दो प्लास्टिक के थैले मिले। जिनमें 40 किलो डोडा पोस्त बरामद हुआ। इस पर कार सवार पंकज (35) पुत्र सुभाषचंद्र बिश्नोई, निवासी गांव चौहिलावाली, हनुमानगढ़ और रविन्द्र उर्फ रवि (20) पुत्र विजय बिश्नोई निवासी भोजासर, जोधपुर को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने तस्करी में उपयोग ली जा रही कार को भी जब्त कर लिया। पुलिस की इस कार्रवाई में कांस्टेबल परताराम ज्याणी की विशेष भूमिका रही। पुलिस ने तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। प्रकरण की जांच सूरतगढ़ सिटी थाना के सब इंस्पेक्टर नागेन्द्र सिंह को सौंपी गई है। पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ पिछले एक सप्ताह में 5 वीं कार्रवाई की है। पांच कार्रवाई में पुलिस ने 9 तस्करों को गिरफ्तार किया है। तस्करी में प्रयुक्त 4 कार व एक ट्रक सहित 5 वाहनों को जब्त किया गया है। नशा तस्करों के खिलाफ की गई कार्रवाई में पुलिस ने 182 किलो डोडा पोस्त, 266 ग्राम अफीम व 6 ग्राम स्मैक बरामद किया गया है।

सार-समाचार

दूध के 37 में से 31 सैम्पल फैल

सुजानदेसर स्थित सरस बूथ संख्या-1231 फर गुरूवार को दूध के सैम्पल की जांच कराते उपभोक्ता।

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान कोऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन लि.(आरसीडीएफ) जयपुर के निर्देशानुसार उरमूल डेयरी बीकानेर के विपणन व गुण नियंत्रण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'दूध का दूध और पानी का पानी' शुद्ध के लिए युद्ध अभियान में आम उपभोक्ताओं के घर आने वाले खुले दूध की मशीनों और जांच किट स्ट्रिप्स के माध्यम से शुद्धता की जांच कर मौके पर ही रिपोर्ट बताकर आमजन को नकली व मिलावटी दूध से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों के प्रति स्थानीय उरमूल डेयरी द्वारा जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 17 फरवरी तक चलेगा। रविवार व छुट्टी के दिन को छोड़कर सोमवार से शनिवार तक प्रतिदिन निर्धारित समय व स्थान पर जांच शिविर आयोजित किया जाता है। उरमूल डेयरी के एमडी बाबूलाल बिश्नोई ने बताया कि बीकानेर में अब तक कुल 465 दूध के सैम्पल आये, जिनमें से केवल 62 सैम्पल पास हुए। शेष सभी सैम्पल फैल पाये गए। बुधवार को दूध जांच शिविर सुजानदेसर स्थित सरस बूथ संख्या-1231, गुरूवार को धोबी तलाई, रानीबाजार पर आयोजित किया गया। अभियान प्रभारी शुभम गुलाटी ने बताया कि कुल 37 सैम्पल आए, जिसमें से 31 सैम्पल फैल और केवल 06 सैम्पल पास हुए। दो-दो सैम्पल ऐसे भी पाये गए जिनमें स्टार्च और सुक्रोज की मिलावट पाई गई तथा एक सैम्पल जिसमें स्टार्च, सुक्रोज, साल्ट, ग्लूकोज सभी की मिलावट पाई गई।

सांड के हमले में मौत, 33 लाख मिलेंगे

बीकानेर, (कासं)। यहां 2 सांडों के हमले में युवक की मौत के मामले में डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना है। कोर्ट ने मृतक के परिजनों को 33 लाख 22 हजार रूपए मुआवजा देने का आदेश दिया है। 21 मई 2018 को बीकानेर के केसरदेसर जाटान गांव के रहने वाले आसाराम सुथार (40) घर जा रहे थे। इसी दौरान 2 सांडों ने बीच सड़क पर आसाराम पर हमला कर दिया था, जिसके बाद उनकी मौत हो गई थी। इस मामले पर बुधवार को सुनवाई हुई थी। आशाराम सुथार की 21 मई 2018 को मौत हुई थी। वह राज मिस्त्री थे। साथ ही खेतीबाड़ी भी करते थे। इससे सालाना 2.89 लाख रूपए तक कमा लेते थे। उन पर उनकी पत्नी, तीन बच्चे और माता-पिता सहित 6 लोग आश्रित थे। कोर्ट ने कहा कि आवारा पशुओं को गौशालाओं में डालकर आमजन की सुरक्षा करना जिम्मेदारों का दायित्व था, जिसमें वे विफल रहे। इसलिए राज्य सरकार और पंचायत समिति को दोषी माना गया है। कोर्ट ने दोनों जिम्मेदारों (राज्य सरकार और पंचायत समिति) को संयुक्त या अलग-अलग मुआवजे का भुगतान करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने आशाराम सुथार की मासिक आय 24,093 रूपए मानी। इसमें से आशाराम के खर्च के रूप में 6,023 रूपए घटाकर आश्रितों के लिए 18,070 रूपए की गणना की। इसी आधार पर कुल 33.22 लाख रूपए का मुआवजा तय किया गया। सरकार की ओर से एडवोकेट कमल नारायण पुरोहित और आशाराम सुथार (मृतक) के परिवार की ओर से एडवोकेट बच्छराज कोठारी व रामचन्द्र मारू ने पैरवी की।

परिवार विवाह में गया, पीछे से चोरी

बीकानेर, (कासं)। वृंदावन एन्क्लेव स्थित एक घर में चोरी हो गई। मकान मालिक विवाह समारोह में हिस्सा लेने गए हुए थे और एक सप्ताह तक घर को नहीं संभाला। ऐसे में चोरों ने आराम से चोरी का काफी सामान निकाल लिया। अब पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि चोरी का खुलासा हो सके। वृंदावन एन्क्लेव के फेज वन में रहने वाले भागीरथ सिंह खीचड़ ने इस संबंध में जयनारायण व्यास कॉलोनी थाने में मामला दर्ज कराया है। खीचड़ ने पुलिस को बताया कि वो 25 जनवरी को रिश्तेदार के विवाह में हिस्सा लेने गांव चला गया था। इसके बाद दो फरवरी को वापस लौटे। घर में घुसते ही देखा कि सभी कमरों के गेट खुले हैं, ताले टूटे हुए पड़े हैं। ऐसे में कीमती सामान को संभाला तो वो भी गायब थे। चोरों ने पिछले दिनों में घर के ताले तोड़कर चोरी की है। चोर सोने और चांदी के आभूषण ले गए। इसमें विक्टोरियन चांदी के आठ नग चोरी हो गए। इसके अलावा दो सोने की अंगूठी, एक चांदी की अंगूठी, तीन पायल की जोड़ियां चोरी हुई है। इसके अलावा बारह हजार नगद भी ले गए। ये रुपए भी अलमारी में रखे हुए थे। चोरों ने सभी लोहे की अलमारियों के भी ताले तोड़ दिए। अब पुलिस इस मामले में आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। चोरी 29 जनवरी की रात होने की आशंका जताई जा रही है। जयनारायण व्यास कॉलोनी में ही एक कैफे में भी चोरी का मामला सामने आया है। अरूण कुमार मोदी ने इस आशय का मामला दर्ज कराया है, जिसमें मशीन चोरी का आरोप अज्ञात व्यक्ति पर लगाया है।

मतदान दिवस 14 को अवकाश

बीकानेर, (कासं)। जिले में पंचायती राज संस्थाओं के रिक्त पदों पर उपचुनाव के लिए संबंधित क्षेत्र में मतदान दिवस 14 फरवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि द्वारा इस संबंध में जारी आदेशानुसार जिला परिषद के वार्ड 8 के अलावा लूणकरनसर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत रावांसर के वार्ड संख्या-2 एवं चक जोहड़ के वार्ड संख्या-5 तथा बीकानेर पंचायत समिति की ग्राम पंचायत बरसिंहसर के वार्ड संख्या-2 निर्वाचन क्षेत्र में 14 फरवरी को मतदान होगा। इसके मद्देनजर पराक्रम्य लिखित अधिनियम 1881 की धारा 14 के तहत 14 फरवरी को मतदान दिवस के दिन सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेशानुसार संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में ही मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश रहेगा।

टूटी सड़कें, ओवरफ्लो सीवरेज के बीच होगा स्वच्छता सर्वेक्षण

बीकानेर, (कासं)। आखिरकार स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 का सर्वे अगले महीने होने के संकेत नगर निगम को मिल गए। आम जनता को राहत मिले नगर निगम इसके लिए काम करता नजर नहीं आ रहा।

नगर निगम में ऊपर से नीचे तक सभी का फोकस इस बात पर है कि अगले माह प्रस्तावित स्वच्छता सर्वेक्षण में बीकानेर नगर निगम को नंबर कैसे ज्यादा मिलें। जाम सीवरेज और टूटी सड़कें स्वच्छता सर्वेक्षण में शामिल नहीं किया जाना है तो इनकी चिंता भी निगम को नहीं। दीवारों पर पेंटिंग और संदेशात्मक स्लोगन और चित्र सर्वे में नंबर दिला सकते हैं तो इस काम पर फोकस है।

शौचालय की सफाई पर नंबर मिलने हैं तो इसकी नियमित जांच के लिए एक व्यक्ति अलग से तैनात कर दिया है। दरअसल 2024 में स्वच्छता

■ **अंकों का गणित लगाने में जुटा निगम, सर्वेक्षण मार्च में होने के संकेत**

सर्वेक्षण नहीं हुआ। पिछले साल मई में किए जाने थे मगर लोकसभा चुनाव के कारण रोक दिए गए। उसके बाद भी छह महीने बीत गए मगर सर्वेक्षण नहीं हुआ। अब खबर आई है कि टीम अगले महीने यानी मार्च में सर्वेक्षण के लिए आ सकती है।

निगम को सर्वेक्षण टीम के आने के संकेत मिलते ही शहर के तमाम शौचालयों के निरीक्षण के लिए एक व्यक्ति को निर्धारित किया गया ताकि शौचालय साफ रहे। रोज वह व्यक्ति स्वास्थ्य अधिकारी को रिपोर्ट करता है। इसके अलावा तमाम मुख्य मार्गों से लेकर जूनागढ़ और कई हेरिटेज इमारतों पर वॉल पेंटिंग कराई गई है।

हैरानी की बात ये है कि सर्वे टीम का जिन दो जगह फोकस रहेगा वहां तो निगम भी एक्टिव है मगर जहां उनका फोकस नहीं वहां के हालात बुरे हैं। जिस जगह सड़क जर्जर है, उसी के पास वॉल पेंटिंग तो हो गई मगर सड़क का कोई धणीधोरी नहीं है।

सड़क तो दूर क्योंकि उसे ठीक करने के लिए बजट चाहिए मगर जिस सीवरेज पर बजट निर्धारित है और लाखों रूपए हर महीने खर्च किए जा रहे वो सीवरेज ही दुरुस्त नहीं है। मुख्य डाकघर से फड़ बाजार की ओर जाने वाले रास्ते पर हालात नर्क जैसे हैं। इस 500 मीटर इलाके में सीवरेज नासूर बन गया। कई बार लोगों ने धरना-प्रदर्शन किया। सड़क जाम भी की। सीवरेज की गाड़ियां जाकर कुछ देर ठहरकर वापस आ जाती।

घड़साना से 3 साइबर ठगों को पकड़ा

अनूपगढ़, (कासं)। गुरूग्राम साइबर क्राइम पुलिस ने डिजिटल धोखाधड़ी के एक बड़े मामले में घडसाना के गांव रोजड़ी से तीन युवकों को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार इन युवकों के बैंक खातों का इस्तेमाल साइबर अपराधियों द्वारा 3 करोड़ रूपए की ठगी की रकम को ट्रांसफर करने के लिए किया गया था।

पकड़े गए आरोपियों की पहचान वेदप्रकाश बिश्नोई, मंगल सिंह और बाकर अली के रूप में हुई है। जांच में सामने आया है कि इन युवकों ने अपने बैंक खातों के विवरण साइबर ठगों को उपलब्ध कराए थे। बदले में, उन्हें कमीशन के रूप में राशि दी जाती थी। साइबर ठग पहले लोगों से धोखाधड़ी करते और फिर ठगी की रकम को इन खातों में ट्रांसफर कर देते थे। मामले की जांच कर रहे एएसआई सत्यवान के नेतृत्व में पुलिस टीम तीनों आरोपियों को गुरूग्राम ले गई।

गल्ला नहीं टूटा तो तिजोरी को ही उठा ले गए चोर

सूरतगढ़, (कासं)। भग्गू वाला कुआं पर स्थित एक ऑयल मिल के ऑफिस का ताला तोड़ते हुए चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। मुंह ढके चोरों की यह करतूत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई।

घटना देर रात करीब 3:15 बजे घटित हुई। वहीं ऑयल मिल में रखी तिजोरी का गल्ला नहीं टूटा तो चोर 90 किलो वजनी तिजोरी को ही उठा ले गए। सुबह घटना का पता चलने के बाद सिटी पुलिस ने मौका मुआयना किया। जानकारी के अनुसार भग्गूवाला कुंआ स्थित महेश ऑयल मिल में चोरी की यह वारदात अंजाम दी गई। जहां ऑयल मिल के पड़ौस की छत से नीचे उतरते हुए चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरा की तारें तोड़ दी थी। मगर तिजोरी का गल्ला नहीं टूटने पर उसे ही उठाकर ले भागे।

ऑयल मिल मालिक ओमप्रकाश राठी ने बताया कि सुबह 9:30 बजे

■ **ऑयल मिल में चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई**

जब उसने कारखाना खोला तो अंदर ऑफिस के ताले टूटे हुए थे। सामान भी बिखरा पड़ा था और गल्ला तिजोरी गायब थी। राठी के मुताबिक गल्ले में करीब 25 हजार रूपये के खुल्ले नोट पड़े थे। इसके साथ ही चैक बुक, आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज भी रखे हुए थे, जिसे चोर अपने साथ ले गए। चोरों ने ऑफिस में रखे गौशाला के दानपात्र को भी तोड़ते हुए उसमें से नगदी चुरा ली और पूरा सामान बिखेर दिया।

मिल मालिक ओमप्रकाश राठी ने इसकी सूचना व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष महेश से खसरिया सहित अपने जानकारों को दी।

अवैध हथियार और 48 पव्वे शराब सहित पकड़ा

हनुमानगढ़, (कासं)। पुलिस ने जीरो टोलरेंस अभियान के तहत दो अलग-अलग कार्रवाई में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक अरशद अली के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान में अवैध हथियार और शराब की तस्करी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

पहली कार्रवाई में नोहर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान नेहराना निवासी घासीराम (24) को एक देशी पिस्तौल और एक कारतूस के साथ पकड़ा। उप निरीक्षक रमेश पन्नू के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की जांच उप निरीक्षक राजपाल सिंह कर रहे हैं।

दूसरी कार्रवाई में पुलिस थाना

■ **पिस्तौल और कारतूस बरामद, पूछताछ में जुटी पुलिस**

भिरानी की टीम ने थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में जोगीवाला निवासी ज्ञानीराम को 48 पव्वे अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 19/54 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों, नशा तस्करी, अवैध हथियारों, जुआ, सट्टा और क्रिकेट बुकी जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान जारी है।

स्लीपर बस ने टक्कर मारी

नोखा, (कासं)। स्लीपर बस चालक की लापरवाही से बाइक चालक को टक्कर मारने का मुकदमा नोखा थाने में दर्ज हुआ।

चरकड़ा निवासी भवानी सिंह राजपूत होटल के बाहर अपनी मोटरसाइकिल के पास खड़ा था। उसका भाई विक्रमसिंह होटल के अंदर था। इसी दौरान नागौर की तरफ से आ रही एक स्लीपर बस ने सड़क किनारे खड़े भवानी सिंह और उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में भवानी सिंह के सिर में गंभीर चोटें आई। बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। आवाज सुनकर विक्रमसिंह होटल सेबाहर भागकर आया और आसपास के लोग भी मौके परजमा हो गए। घायल भवानी सिंह को तुरंत बागड़ी हॉस्पिटल नोखा ले गए। डॉक्टरों ने उसे बीकानेर रैफर कर दिया।

परिवहन निरीक्षकों की हड़ताल के चलते आमजन परेशान

बीकानेर, (कासं)। राजस्थान के सभी मोटर वाहन निरीक्षक और उप निरीक्षक धौलपुर एसपी द्वारा निरीक्षकों को कथित रूप से अवैध हिरासत में रखने के विरोध में 4 फरवरी से कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं।

बीकानेर रीजन के सभी निरीक्षकों ने प्रादेशिक परिवहन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सामूहिक अवकाश की सूचना दी है। इस हड़ताल के चलते बुधवार को बीकानेर और अन्य जिलों के परिवहन कार्यालयों में कामकाज ठप रहा, जिससे आम जनता को भारी परेशानी उठानी पड़ी। निरीक्षकों की हड़ताल के चलते मंगलवार रात से ही प्रदेशभर में सड़क परिवहन कार्य ठप हो गया, जिससे ओवरलोड और बिना

■ **मोटर वाहन निरीक्षक और उप निरीक्षक धौलपुर एसपी द्वारा निरीक्षकों को कथित रूप से अवैध हिरासत में रखने के विरोध में 4 फरवरी से कार्य बहिष्कार पर चले गए हैं**

फिटनेस वाले वाहन सड़कों पर बेखौफ दौड़ते नजर आए। बीकानेर सहित राज्यभर के डीटीओ कार्यालयों में बुधवार को ड्राइविंग लाइसेंस और वाहनों के पंजीकरण से जुड़े कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहे, जिससे आमजन को काफी परेशानी झेलनी पड़ी।

डीटीओ कार्यालय में बड़ी संख्या में लोग अपने ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण और फिटनेस सर्टिफिकेट से जुड़े कार्यों के लिए पहुंचे, लेकिन निरीक्षकों की अनुपस्थिति के कारण उन्हें बैरंग लौटना पड़ा।

जिन लोगों के लर्नर लाइसेंस की अंतिम तिथि बुधवार को थी, वे विशेष रूप से चिंतित रहे। क्योंकि विभाग ने उनके लिए कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की। बीकानेर सिटीजन एसोसिएशन के एडवोकेट हनुमान शर्मा ने बताया कि यदि यह हड़ताल लम्बी चलती है, तो परिवहन व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है।

आरोग्य मेले में पंचकर्म, क्षारसूत्र, योग तथा स्त्री रोग विशेषज्ञों की निःशुल्क सेवाएं रहेगी

बीकानेर, (कासं)। संभाग स्तरीय आरोग्य मेले के मद्देनजर आयुर्वेद स्वास्थ्य चेतना रैली गुरूवार को निकाली गई। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल ने राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय बान्द्राबास से हरी झंडी दिखाकर इसे रवाना किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों का लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले, इसके मद्देनजर मेले का व्यापक प्रचार-प्रचार किया जाए। मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रहें। रैली यहां से रवाना होकर गोगागेट, बड़ा बाजार, आचार्य चौक, मोहता चौक, बारह गुवाड़, नत्थूसर गेट होते हुए मेला स्थल एम.एम. ग्राउंड पहुंची। इसमें आयुर्वेद विभाग के चिकित्सक, कार्मिक तथा राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने

राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने आयुर्वेद स्वास्थ्य चेतना रैली से आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाने का संदेश दिया।

भागीदारी निभाई। रैली के दौरान ई-रिक्शा और पम्पलेट्स के माध्यम से आमजन को भागीदारी का आव्हान किया गया। आयुर्वेद विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ. घनश्याम रामावत ने बताया कि चार दिवसीय मेले की शुरूआत 8 फरवरी को होगी। प्रतिदिन प्रातः 10 से सायं 7 बजे तक मिला आमजन के लिए खुला रहेगा।

■ **चार दिवसीय आरोग्य मेले की शुरूआत 8 फरवरी को होगी**

इसमें आयुर्वेद, यूनानी, होम्योपैथी, योग और प्राकृतिक चिकित्सा के विशेषज्ञों की चिकित्सा परामर्श सेवाएं, स्वास्थ्य परीक्षण और औषधि वितरण की निःशुल्क सुविधा रहेगी।

उपनिदेशक डॉ. प्रभुदयाल जाट ने बताया कि मेले में पंचकर्म, क्षारसूत्र, योग तथा स्त्री रोग विशेषज्ञों की निःशुल्क सेवाएं रहेगी। सौंदर्य विशेषज्ञ द्वारा सौंदर्य प्रसाधन की सुविधा भी मुहैया करवाई जाएगी। रैली की समाप्ति पर राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने आगंतुकों का आभार जताया।

फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण से गंगनहर में होगा जल प्रवाह

श्रीगंगानगर, (कासं)। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विधानसभा में कहा कि गंगनहर परियोजना की क्षतिग्रस्त नहरों की रिलाइनिंग के कार्यों के अन्तर्गत वर्तमान में 10 नहरों का रिलाइनिंग का कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा 3 और नहरों का कार्य जाइका के अन्तर्गत प्रस्तावित किया गया है। उन्होंने कहा राज्य सरकार द्वारा फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए वर्ष 2024-25 में 200 करोड़ रुपये के बजट का प्रावधान किया गया है। फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण से गंगनहर में उचित क्षमता के साथ जल प्रवाह सुनिश्चित हो सकेगा।

जल संसाधन मंत्री प्रश्नकाल में इस संबंध में सदस्य द्वारा पूछे गये पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने बताया कि फिरोजपुर फीडर की डीपीआर केन्द्रीय जल आयोग में परीक्षणाधीन है। इसकी शीघ्र स्वीकृति के प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के प्रयासों से फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण हेतु केन्द्रीय जल आयोग से 13 फरवरी 2024 को स्वीकृति प्राप्त की गई। इसके बाद पंजाब सरकार के सिंचाई विभाग से समन्वय कर डीपीआर तैयार करवाई गई। रावत ने बताया कि गंगनहर परियोजना हेतु पानी फिरोजपुर फीडर के मार्फत बीकानेर कैनाल की आरडी 45 पर प्राप्त होता है। फिरोजपुर फीडर के जगह-जगह से क्षतिग्रस्त होने से जल प्रवाह पूर्ण क्षमता के अनुरूप नहीं होता है।

इस कारण गंगनहर में जल प्रवाह में उतार-चढाव आता है। मूल प्रश्न के लिखित जवाब में उन्होंने बताया कि गंगनहर की वितरिकाओं में पानी नहर की क्षमता के अनुसार छोड़ा जा रहा है। उन्होंने गंगनहर की सभी वितरिकाओं, नहरों की डिजाइन, क्षमता एवं खरीफ व रबी फसल चक्र में गंगनहर की सभी वितरिकाओं में छोड़े गये पानी का विवरण सदन की मेज पर रखा।

रावत ने बताया कि गंगनहर परियोजना में सतरोजा बाराबंदी लागू है तथा प्रत्येक नहर में पानी प्रवाहित होने के दौरान हर किसान को स्वीकृत बाराबंदी में अंकित अवधि के अनुसार निर्धारित समय व वार को पानी उपलब्ध कराया जा रहा है।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)
क्रमांक : नियमन/2025/3456-3458 दिनांक : 06.02.2025
आपत्ति सूचना
सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्र में आवासीय भूखण्ड वाके चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 61/67 के किला नं. 02, 03 में भूखण्ड माप 38'-0'' गुणा 40'-0'' फीट के नियमन/पट्टा हेतु आवेदक श्रीमती सुषमा नागपाल पत्नी श्री हरीश नागपाल निवासी 648 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर इनके भूखण्ड का नियमन किया जाना है। अतः उपरोक्त वर्णित भूखण्ड के आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों/रकबे के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय सबूत आपत्ति सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय में कमरा नं. 17 में प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदक श्रीमती सुषमा नागपाल पत्नी श्री हरीश नागपाल निवासी 648 विनोबा बस्ती, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 61/67 के किला नं. 02, 03 में भूखण्ड माप 38'-0'' गुणा 40'-0'' फीट का नियमन/पट्टा जारी कर दिया जावेगा। यदि उक्त वर्णित क्षेत्र का पूर्व में नियमन/पट्टा जारी होना पाया गया तो वर्तमान पट्टा स्वतः ही निरस्त माना जावेगा। न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।
- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर